पत्रांक–BSDM/KYP-246/2026-4013 दिनांक-17-11-26

बिहार सरकार
युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग
बिहार कौशल विकास मिशन

आदेश

बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा निर्गत स्वीकृत्यादेश संख्या–3291, दिनांक–19.08.2026 के तहत पारित कुशल युवा कार्यक्रम (डिजिटल मित्र) के संचालन हेतु सात निश्चय 2 की अवधि की समाप्ति के समय कार्यरत कुशल युवा कार्यक्रम के संचालकों से बिहार कौशल विकास मिशन के कार्यालय पत्रांक–BSDM/KYP-246/2026-3718, दिनांक–05.10.2026 के आलोक में आवेदन आमंत्रित किया गया था। प्राप्त आवेदनों में से 603 केंद्र संचालकों से एकरारनामा संपन्न हो चूका है।

एकरारनामा कर चुके केन्द्र संचालकों को कुशल युवा कार्यक्रम (डिजिटल मित्र) में प्रशिक्षण प्रारंभ करने के लिए दिनांक 23.11.2026 से 29.11.2026 तक बैच बनाने एवं दिनांक 30.11.2026 से बैच प्रारंभ करने का समय निर्धारित किया जाता है।

उक्त के आलोक में एकरारनामा संपन्न किये गए सभी केंद्र संचालकों को आदेशित किया जाता है कि निर्धारित अवधि के अन्दर बैच बनाना एवं बैच प्रारंभ करना सुनिश्चित किया जाये।

उपरोक्त पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

17/11/26

मिशन निदेशक
बिहार कौशल विकास मिशन
पटना, बिहार।

ज्ञापांक– BSDM/KYP-246/2026-4013 पटना दिनांक–17-11-26

प्रतिलिपिः– टीम लीडर, स्कूलनेट इंडिया लि0/परियोजना निदेशक, E&Y को निदेश दिया जाता है कि उपरोक्त आदेश का अनुपालन ससमय कराना सुनिश्चित करेंगें।

2. बिहार कौशल विकास मिशन के सभी सम्बंधित पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को सूचनार्थ प्रेषित।
3. अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार कौशल विकास मिशन के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।
4. मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार कौशल विकास मिशन के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

17/11/26

मिशन निदेशक
बिहार कौशल विकास मिशन
पटना, बिहार।